चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 7.9.25 | 2 | 6-8 |

# हकृवि में एन.सी.सी. कैडेट्स के चयन पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 6 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेट्स की चयन प्रक्रिया के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तृतीय हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कटारिया के निर्देशन में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने एन.सी.सी. कैडेट्स का उत्साहवर्धन एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने कहा कि एन.सी.सी. युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश भक्ति की भावना विकसित करती है।

कार्यक्रम में बी एवं सी श्रेणी के प्रमाण-पत्रों का भी वितरण किया गया।



डॉ. एस.के. पाहुजा के साथ एन.सी.सी. कैडेट्स व अन्य अधिकारी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7-9-25 | 10 | 4-5 |




डॉ. एस.के. पाहुजा के साथ एनसीसी कैडेट्स व अन्य अधिकारी।

## हकृवि में एनसीसी कैडेट्स के चयन पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 6 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कटारिया के निर्देशन में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए खुद को तैयार करना,अनुशासन बनाए रखना, नेतृत्व गुणों का विकास करना, सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेना और एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन का पालन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को पुलिस, अर्ध सैनिक बल तथा सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के अपार अवसर मिलते हैं। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश भक्ति की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम में बी एवं सी श्रेणी के प्रमाण-पत्रों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के एएनओ डॉ. विक्रम सिंह, सूबेदार सिराज खान, सीएचएम सुनील कुमार, इकबाल सिंह तथा सीजीआई मोनिका उपस्थित रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7-9-25 | 3 | 7-8 |

## एचएयू में एनसीसी कैडेट्स का चयन

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में एनसीसी
कैडेट्स की चयन प्रक्रिया पूरी की गई। तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमान
अधिकारी कर्नल सुनील कटारिया के निर्देशन में कैडेट्स का चयन हुआ। कृषि
महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि
राष्ट्र सेवा के लिए खुद को तैयार करना, अनुशासन बनाए रखना, नेतृत्व गुणों का
विकास करना, सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेना, एनसीसी के आदर्श वाक्य
एकता और अनुशासन का पालन करना बहुत जरूरी है। सह-छात्र कल्याण निदेशक
डॉ. सुशील लेघा ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश
भक्ति की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम में बी एवं सी श्रेणी के प्रमाणपत्रों का भी
वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय के एएनओ डॉ. विक्रम सिंह,
सूबेदार सिराज खान, सुनील कुमार, इकबाल सिंह और मोनिका मौजूद रहीं। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 6.9.2025 | --- | -- |

# हकृवि में एनसीसी कैडेट्स के चयन प्रक्रिया के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



डॉ. एस.के. पाहुजा के साथ एनसीसी कैडेट्स व अन्य अधिकारी

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तृतीय हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कटारिया के निर्देशन में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए खुद को तैयार करना,अनुशासन बनाए रखना, नेतृत्व गुणों का विकास करना, सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेना और एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन का पालन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को पुलिस, अर्ध सैनिक बल तथा सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के अपार अवसर मिलते हैं। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश भक्ति की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम में बी एवं सी श्रेणी के प्रमाण-पत्रों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के एएनओ डॉ. विक्रम सिंह, सूबेदार सिराज खान, सीएचएम सुनील कुमार, इकबाल सिंह तथा सीजीआई मोनिका उपस्थित रही।